**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**27.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएसएनएल द्वारा स्थापित 97 हज़ार 5 से अधिक नए 4[जी] टावरों का किया शुभारंभ।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– प्राकृतिक आपदाओं के बाद प्रदेश की स्थिति हो रही है सामान्य– आगामी दिनों में पर्यटन गतिविधियों को मिलेगी गति।
- मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने अधिकारियों को प्रदेश में उपयुक्त डंपिंग स्थलों को चिन्हित करने के दिए निर्देश।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
- हिमाचल प्रदेश स्थित शीत मरूस्थल बायोस्फीयर रिज़र्व को यूनेस्को के विश्व बायोस्फीयर रिज़र्व नेटवर्क में किया गया शामिल।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा से बीएसएनएल द्वारा स्थापित 97 हजार पांच से अधिक नए 4जी मोबाइल टावरों का शुभारंभ किया, जिनमें नवीनतम 4जी तकनीक वाले 92 हजार छह सौ टावर शामिल हैं और लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ये टावर पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 2जी, 3जी और 4जी तकनीकों के विकास में पिछड़ गया था और इस क्षेत्र में विदेशी तकनीक पर निर्भर था। यह उपलब्धि भारत को उन कुछ देशों में शामिल करती है जो अपने स्वयं के दूरसंचार नेटवर्क का निर्माण और समर्थन करने में सक्षम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत भविष्य में दूरसंचार प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि बीएसएनएल ने अपने देश में ही पूरी तरह से स्वदेशी 4जी तकनीक विकसित की है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 30 हजार गांवों को जल्द ही हाई–स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे पूरे देश में डिजिटल समावेशन को बढ़ावा मिलेगा।

## सेवा पर्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, अपनी विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने इतिहास को संजोने, देशभक्ति की प्रेरणा देने और पीढ़ियों को बलिदान की भावना से जोड़ने वाले स्मारकों का निर्माण करके भारत की कालातीत विरासत और नायकों का सम्मान किया है।

*एक राष्ट्र का निर्माण उसके नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, विचारकों और विरासत के संरक्षकों के साहस से होता है, जो त्याग और दूरदर्शिता के माध्यम से उसके भाग्य का निर्माण करते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने प्रतिष्ठित स्मारकों और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीकों के माध्यम से भारत की कालातीत विरासत और उसके नायकों का सम्मान किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, मौजूदा स्मारकों का पुनरुद्धार और नए स्मारकों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नए संसद भवन का उद्घाटन करते हुए ऐसे प्रतीकों के महत्व को रेखांकित किया।*

***देश अपने सभी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्र रक्षा में अपने आपको दिन–रात थकाने वाले, आहूत करने वाले वीर–वीरांगनाओं को आज देश नमन कर रहा है।***

*नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक हमारे सैनिकों के साहस और बलिदान के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। अमृतसर में, पुनर्निर्मित जलियांवाला बाग स्मारक स्वतंत्रता संग्राम के सबसे काले लेकिन निर्णायक अध्यायों में से एक की स्मृति को जीवंत रखता है। तीन मूर्ति एस्टेट में, प्रधानमंत्री संग्रहालय भारत के प्रधानमंत्रियों की यात्रा का वर्णन करता है, जो स्वतंत्रता के बाद से गणतंत्र का मार्गदर्शन करने वाली लोकतांत्रिक भावना को दर्शाता है। राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पुलिसकर्मियों की वीरता को नमन करता है, जबकि देशभर के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय गुमनाम जनजातीय नायकों को लंबे समय से अपेक्षित सम्मान प्रदान करते हैं। भव्य भारत मंडपम एक वैश्विक परिवेश में सभ्यतागत वैभव को दर्शाता है। ये सिर्फ संरचनाएं ही नहीं है, बल्कि अतीत और भविष्य के बीच के जीवंत सेतु हैं, जो बलिदान का सम्मान, नेतृत्व का उत्सव और भारत की यात्रा का मार्गदर्शन करने वाले शाश्वत मूल्यों की पुष्टि करते हैं।*

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि हाल ही की प्राकृतिक आपदाओं के बाद अब प्रदेश की स्थिति धीरे–धीरे सामान्य हो रही है जिससे आगामी दिनों में पर्यटन गतिविधियों को गति मिलेगी। शिमला जिला के ठियोग में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि पर्यटन प्रदेश की अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ है और पर्यटन गतिविधियों के दोबारा शुरू होने से न केवल स्थानीय गतिविधियों को बल मिलेगा बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने अधिकारियों को राज्य में उपयुक्त मलबा डंपिंग स्थलों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में राज्य कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने इसके लिए वर्ष 2023 और 2025 की प्राकृतिक आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित जिलों पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि मलबा डंपिंग स्थलों को चिन्हित करने में मंडी, कुल्लू, चंबा और शिमला जिलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बैठक में राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम शमन कार्यक्रम के तहत एक सौ 39 करोड़ रूपए की प्रारंभिक परियोजना रिपोर्ट पर भी विचार–विमर्श किया गया, जिसे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रस्तुत किया जाएगा।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 28 सितम्बर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

## कुल्लू दशहरा

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा 2 से 8 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा। उत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अधिकारियों को दशहरा उत्सव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुल्लू दशहरा केवल धार्मिक आयोजन नही बल्कि धर्म, संस्कृति, समाज और इतिहास का अनौखा संगम है जो हिमाचल की पहचान को विश्व स्तर पर स्थापित करता है। उन्होंने उत्सव के दौरान सफाई व्यवस्था व पार्किंग का विशेष ध्यान रखने के भी जिला प्रशासन को निर्देश दिए।

## यूनेस्को–शीत मरुस्थल

हिमाचल प्रदेश स्थित शीत मरुस्थल बायोस्फीयर रिजर्व को यूनेस्को के विश्व बायोस्फीयर रिजर्व नेटवर्क में शामिल कर लिया गया है। चीन के हांग्जाऊ में आयोजित विश्व बायोस्फीयर रिजर्व कांग्रेस में यह घोषणा की गई। इसमें सतत विकास के एक मॉडल के रूप में इस क्षेत्र के महत्व को रेखांकित किया गया। यह बायोस्फीयर रिजर्व भारत के पश्चिमी हिमालय में लगभग सात हजार सात सौ सत्तयर वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह उच्च–ऊंचाई वाला रिजर्व अपने ऊबड़–खाबड़ भूभाग, अल्पाइन घास के मैदानों और दुर्लभ वन्यजीवों जैसे हिम तेंदुआ तथा हिमालयी आइबेक्स के लिए जाना जाता है। इसे वर्ष 2009 में पहली बार राष्ट्रीय बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया और अब यह शीत मरुस्थल वैश्विक नेटवर्क में भारत का 13वाँ स्थल है। इसमें पिन वैली राष्ट्रीय उद्यान और किब्बर वन्यजीव अभयारण्य जैसे संरक्षित क्षेत्र शामिल हैं, और यह लगभग 12 हजार लोगों का घर है।

## जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है और लोगों को मामूली बिमारी के इलाज के लिए भी भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर हिमकेयर का 4 सौ करोड़ से ज्यादा बकाया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावितों की मदद करने में भी नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि 10 गारंटियों के दम पर सत्ता हथियाने वाली कांग्रेस सरकार अपने वायदों को पूरा करने में असफल रही है।

## बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 2014 में देश में एक हज़ार स्टार्टअप थे जिनकी संख्या अब बढ़कर एक लाख 60 हज़ार हो गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में की गई कमी से देश की आर्थिकी और मजबूत होगी, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ होगा।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएसएनएल द्वारा स्थापित 97 हज़ार 5 से अधिक नए 4जी टावरों का किया शुभारंभ।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– प्राकृतिक आपदाओं के बाद प्रदेश की स्थिति हो रही है सामान्य– आगामी दिनों में पर्यटन गतिविधियों को मिलेगी गति।
- मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने अधिकारियों को प्रदेश में उपयुक्त डंपिंग स्थलों को चिन्हित करने के दिए निर्देश।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।

- हिमाचल प्रदेश स्थित शीत मरूस्थल बायोस्फीयर रिज़र्व को यूनेस्को के विश्व बायोस्फीयर रिज़र्व नेटवर्क में किया गया शामिल।